# नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज–फैजाबाद के प्रबन्ध परिषद की 178 वीं बैठक की कार्यवृत्त

बैठक की तिथि : 04–05–2018

स्थान : सभाकक्ष
उ0प्र0 कृषि अनुसंधान परिषद,
किसान मण्डी भवन, अष्टमतल,
गोमतीनगर , लखनऊ ।

समय : अपरान्ह 2.30बजे ।

उपस्थिति :

| | |
|---|---|
| 1– प्रो0 जीत सिंह सन्धू , कुलपति | – अध्यक्ष |
| 2– श्री ध्रुब कुमार त्रिपाठी , मान0सदस्य विधान परिषद | – सदस्य |
| 3– श्री बाबा गोरखनाथ , मान0सदस्य विधान सभा | – सदस्य |
| 4– डा0 सतीश चन्द्र द्विवेदी , मान0सदस्य विधान सभा | – सदस्य |
| 5– श्री राधेश्याम अनुसचिव ,प्रतिनिधि प्रमुख सचिव कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0शासन | – सदस्य |
| 6– डा0कृपा शंकर पाण्डेय,अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन फैजाबाद मण्डल फैजाबाद नामित सदस्य प्रमुख सचिव वित्त विभाग उ0प्र0शासन । | – सदस्य |
| 7– डा0राजीव पाण्डेय क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी लखनऊ प्रतिनिधि प्रमुख सचिव प्रतिनिधि प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा विभाग उ0प्र0शासन | – सदस्य |
| 8– डा0ए0पी0श्रीवास्तव संयुक्त निदेशक कृषि प्रतिनिधि निदेशक कृषि उ0प्र0 | – सदस्य |
| 9– डा0 आर0के0 सक्सेना ,अपर निदेशक पशुपालन प्रतिनिधि, निदेशक पशुपालन उ0प्र0 | – सदस्य |
| 10–डा0ए0डी0पाठक, निदेशक ,आई0आई0एस0आर0 ,प्रतिनिधि आई0सी0ए0आर0 | – सदस्य |
| 11– श्री छेदी सिंह , प्रगतिशील कृषक | – सदस्य |
| 12– श्री शिवजीत यादव पशु प्रजनक , | – सदस्य |
| 13– श्रीमती सुचिता तिवारी, प्राख्यात उद्योगपति | – सदस्या |
| 14– श्री लाल प्रताप सिंह , वित्त नियंत्रक | – सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में नवागत माननीय कुलपति महोदय प्रो0 जोत सिंह सन्धू का प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया तथा परिचय हुआ । माननीय कुलपति महोदय /अध्यक्ष प्रबन्ध परिषद ने सभी माननीय सदस्यों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। बैठक में प्रथम बार प्रतिभाग हेतु उपस्थित डा0 ए0 डी0 पाठक, निदेशक ,आई0आई0एस0आर0 प्रतिनिधि आई0सी0ए0आर0 का कुलपति जी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया एवं माननीय सदस्यों का परिचय कराया गया। श्री छेदी सिंह ,माननीय सदस्य द्वारा प्रबन्ध परिषद के सभी सदस्यों की तरफ से नवागत कुलपति महोदय का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुये विश्वास व्यक्त किया गया कि माननीय कुलपति महोदय के कुशल नेतृत्व में पूर्वान्चल के किसानों को वांछित सहयोग एवं निर्देश/परामर्श मिलता रहेगा , तदुपरान्त बैठक में प्रस्तुत प्रस्तावों पर विस्तृत विचार विमर्श करते हुये निम्नवत निर्णय लिये गये :–

प्रस्ताव सं0 178:1 **प्रबन्ध परिषद की गत 174वीं बैठक दिनांक 15–06–2017, 175वीं बैठक दिनांक 20–06–2017 , 176वीं बैठक दिनांक 09–08–2017 एवं 177वीं बैठक दिनांक 08–09–2017 के कार्यवृत्त की पुष्टि ।**

प्रबन्ध परिषद की गत गत 174वीं बैठक दिनांक 15–06–2017, 175वीं बैठक दिनांक 20–06–2017 , 176वीं बैठक दिनांक 09–08–2017 एवं 177वीं बैठक दिनांक 08–09–2017 की पुष्टि सर्वसम्मति से की गयी।

प्रस्ताव सं0178: 2 **प्रबन्ध परिषद की गत बैठकों में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना ।**

प्रबन्ध परिषद की गत बैठकों में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना बैठक में प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत की गयी जिससे प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्य अवगत हुए कृत कार्यवाही पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त करते हुये कुछ बिन्दुओं पर निम्नवत निर्णय लिये गये :–

**प्रस्ताव सं0175:174: 3 नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज फैजाबाद के वित्तीय वर्ष 2016–17 पुनरीक्षित एवं वर्ष 2017–18 अनुमानित आय व्यय पर विचार एवं निर्णय ।**

उर्पयुक्त प्रस्ताव के द्वितीय बिन्दु पर पुर्नविचार करते हुए वित्त उपसमिति द्वारा यह प्रस्तावित किया गया विश्वविद्यालय में विज्ञापनों के प्रकाशन के संबंध में विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों के विज्ञापन व्यस्थापको से शासकीय दरों पर विज्ञापन प्रकाशित किये जाने एवं यदि व्यवसायिक दरों पर विज्ञापन प्रकाशित किये जाते है तो उस पर डिस्काउन्ट प्राप्त करनें का प्रयास किया जाय।

उर्पयुक्त के कम में प्रबन्ध परिषद द्वारा सहमति व्यक्त करते हुये सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गत वर्ष में शासन/वित्त पोषित संस्थाओं से प्राप्त अनुदान यदि किन्ही कारणोवश लैप्स(Lapse) हो गया , के लिए किसका उत्तरदायित्व है , के संबंध में पूर्ण विवरण सहित सूचना प्रबन्ध परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाय । श्री छेदी सिंह माननीय सदस्य द्वारा परामर्श दिया गया कि शासन से विश्वविद्यालय को प्राप्त अनुदान का समय से उपभोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए ।

**प्रस्ताव सं0175: 174: 4 विश्वविद्यालय में तदर्थ नियुक्त कर्मचारियों को दिनांक 26–02–2003 के बाद अथवा विनियमितीकरण की तिथि जो भी बाद में घटित हो , से सेवानिवृत्ति लाभ अनुमन्य कराये जाने पर विचार एवं निर्णय ।**

प्रबन्ध परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से शासनादेशानुसार अपेक्षित कार्यवाही किये जाने के उपरान्त सेवानिवृत्तिक लाभ दिये जाने का निर्णय लिया गया ।

**प्रस्ताव सं0175:174: 5 वेतन समिति उ0प्र0 (2016) के प्रथम प्रतिवेदन भाग –3 में की गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयानुसार सचिव, वित्त वेतन आयोग अनुभाग–2 , उ0 प्र0 शासन, लखनऊ द्वारा जारी शासनादेश सं0–66/2016 /वे.आ.–2– 1443 / दस–04(एम)/2016 दिनांक 20 दिसम्बर 2016 इस विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कार्मिको के वेतन पुनरीक्षण हेतु लागू किये जाने पर विचार एवं निर्णय ।**

प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शासनादेशानुसार सं0–66/2016/वे.आ.–2–1443/दस –04 (एम)/2016 दिनांक 20 दिसम्बर 2016 को विश्वविद्यालय में अंगीकार किया जाय ।

**प्रस्ताव सं0175:174: 7 रिट याचिका संख्या 1343( एस.बी0)/2007 व रिट याचिका संख्या 1117 ( एस. बी0 )/2007 में माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद ,खण्डपीठ लखनऊ द्वारा पारित आदेश दिनांक 11–09–2012 एवं प्रमुख सचिव,कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, के पत्र /शासनादेश स0 222 / 67–कृ.शि.अ.–16–30(45)/07दिनांक 19 अप्रैल , 2016 के अनुपालन में प्रबन्ध परिषद की बैठक संख्या 172:3 लिये गये निर्णय पर पुर्नविचार ।**

प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 05–05–2017 एवं प्रमुख सचिव,कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, के पत्र /शासनादेश स0 222/67–कृ.शि.अ.–16–30 (45)/07 दिनांक 19 अप्रैल ,2016 के क्रम में याचीगणों को दिनांक 13–3–1992 से यू0जी0सी0वेतनमान दिये जाने का पुनः निर्णय लेते हुय अपेक्षा की गयी कि एरियर के भुगतान हेतु शासन से अतिरिक्त अनुदान की मॉग हेतु ( प्रत्येक कार्मिक का अलग–2 आगणन करके ) प्रस्ताव प्रेषित किया जाए एवं शासन से वांछित अनुदान की प्राप्ति पर ही एरियर का भुगतान किया जाय ।

**प्रस्ताव सं0175:174: 9 मान0 उच्च न्यायालय ,इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ में योजित याचिका संख्या 1728( एस.बी0 )/ 1999 ,याचिका संख्या 1726( एस.बी0 )/ 1999 एवं याचिका संख्या 88( एस.बी0 )/ 2000 के आधार पर योजित अवमानना वाद सं0 1294(सी)/2016 तथा 1295(सी)/2016 में पारित आदेश दिनांक 03–11–2016 एवं विशेष सचिव ,कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन,लखनऊ के पत्र/शासनादेश स0 425/67–कृ.शि.अ. –16–30(45)/07 दिनांक 07 अक्टूबर 2016 में दिये गये निर्देशानुसार याचीगण को वेतनमान रू0 2200–4000 (पुनरीक्षित वेतन बैण्ड रू0 15600 –39100 ए0जी0पी0 रू0 6000/–) प्रदान किये जाने पर विचार एवं निर्णय ।**

प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से शासनादेश 222/67–कृ.शि.अ.–16–30(45)/07 दिनांक 19 अप्रैल 2016 के अनुसार याचीगणों को दिनांक 15 सितम्बर 2016 से यू0जी0सी0वेतनमान दिये जाने का निर्णय लेते हुये अपेक्षा की गयी कि एरियर के भुगतान हेतु शासन से अतिरिक्त

अनुदान की मॉग हेतु ( प्रत्येक कार्मिक का अलग–2 आगणन करके ) प्रस्ताव प्रेषित किया जाए एवं शासन से वांछित अनुदान की प्राप्ति पर ही एरियर का भुगतान किया जाय ।

**प्रस्ताव सं0175:174:16 कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन,लखनऊ के पत्र संख्या 2344/ 67– कृ.शि.अ.–16–1500 (159) /07 दिनांक 17 मार्च 2017 में संदर्भित अधिसूचना संख्या 12/2016 /524/36–03– 2016–01(अधि0)/2005 दिनांक 15 जून 2016 द्वारा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के पारिश्रमिक में की गयी वृद्वि को विश्वविद्यालय में अंगीकार किये जाने हेतु विचार एवं निर्णय ।**

प्रबन्ध परिषद कृत कार्यवाही से अवगत हुयी तथा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि श्रम अनुभाग द्वारा दैनिक पारिश्रमिक भोगी कर्मचारियों के पारिश्रमिक में समय–2 पर पुनरीक्षित होने वाली दरों के अनुसार कार्यवाही की जाय ।

## प्रबन्ध परिषद की 178वीं बैठक दिनांक 04–05–2018 में प्रस्तुत प्रस्ताव

प्रस्ताव सं0178:3 **विश्वविद्यालय का वर्ष 2018–19 का आय व्ययक विधिवत पारित किये जाने तक वित्तीय वर्ष के प्रथम तीन माह (अप्रैल ,मई एवं जून 2018) के व्यय हेतु कुलपति महोदय को प्राधिकृत किये जाने पर विचार एवं निर्णय ।**

प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय का वर्ष 2018–19 का आय व्ययक विधिवत पारित किये जाने तक वित्तीय वर्ष के प्रथम तीन माहो (अप्रैल ,मई एवं जून 2018 ) तक वित्तीय वर्ष 2017–18 के व्यय की धनराशि के 1/12 की सीमान्तर्गत प्रतिमाह व्यय किये जाने हेतु कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया ।

प्रस्ताव सं0178:4 **विश्वविद्यालय मुख्य परिसर कें विद्युत बिलों में कमी लाने के उद्देश्य से 750 किलोवाट क्षमता का Grid Connected Rooftop Solar System स्थापित किये जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय ।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय मुख्य परिसर के विद्युत बिलों में कमी लाने के उददेश्य से 750 किलोवाट क्षमता का Grid Connected Rooftop Solar System हेतु रेस्को (RESCO) माडल विश्वविद्यालय में स्थापित किये जाने की संस्तुति प्रदान की गयी। श्री छेदी सिंह ,माननीय सदस्य ने परामर्श दिया कि विश्वविद्यालय के बाहय केन्द्रों पर भी विद्युत व्यय में अधिक भुगतान किया जा रहा हैं , के दृष्टिगत मुख्यालय के बाहर स्थित केन्द्रों पर भी सोलर सिस्टम लगवाने की कार्यवाही किया जाना उचित होगा ।

प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से वित्त उपसमिति की संस्तुति के अनुसार विश्वविद्यालय में 750 किलोवाट क्षमता का Grid Connected Rooftop Solar System हेतु रेस्को (RESCO) माडल विश्वविद्यालय में स्थापित किये जाने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0178:5

**विश्वविद्यालय परिसर में स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा पिठला एवं पंजाब नेशनल बैंक, कुमारगंज को परिसर में ज्यादा कारपेट एरिया के आवंटन के संबंध में विचार एवं निर्णय ।**

वित्त उप समिति द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा पिठला को परिसर में ज्यादा कारपेट एरिया के आवंटन के सबंध में विचार विमर्श किया गया। वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त भारतीय स्टेट बैंक शाखा पिठला को विश्वविद्यालय परिसर में ज्यादा कारपेट एरिया के आवंटन की संस्तुति प्रदान की गयी। यह भी प्रस्तावित किया गया कि प्रथमतः भवन का आवंटन पॉच वर्ष के लिए किया जाय तथा विश्वविद्यालय एवं बैंक की सहमति पर आगामी पॉच वर्षो के लिए भवन आवंटित किया जायेगा ।

उर्पयुक्त क्रम में प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से वित्त उपसमिति की संस्तुति के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक शाखा पिठला को विश्वविद्यालय परिसर में ज्यादा कारपेट एरिया के भवन आवंटित किये जाने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव सं0178:6

**डा0 तेजेन्द्र कुमार ,सह प्राध्यापक , फसल अनुसंधान केन्द्र घाघराघाट , बहराइच द्वारा दिनांक 13.11.2017 से 06.01.2018 तक के उपार्जित अवकाश स्वीकृत किये जाने एवं दिनांक 11–12 नवम्बर , 2017 के प्रीफिक्स एवं 07.01.2018 के सार्वजनिक अवकाश को सफिक्स किये जाने की अनुमति के सम्बन्ध में विचार एवं निर्णय ।**

प्रबन्ध परिषद द्वारा प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया एवं सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि कुलपति महोदय द्वारा समिति का गठन करके प्रकरण की वीक्षा कराने के उपरान्त तथा पूर्ण विवरण /औचित्य के साथ प्रस्ताव प्रबन्ध परिषद की आगामी बैठक में विचार एवं निर्णय हेतु पुनः प्रस्तुत किया जाय। यह भी निर्णय लिया गया कि यदि भविष्य में कोई कार्मिक बिना पूर्व अनुमति के विदेश भ्रमण पर जाता है तो उसे सेवा से पदच्युत किया जाय ।

प्रस्ताव सं0178:7

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्त पोषित Capacity Building and Technology Demonstration on Processing of local Fruits and Vegetables for Alternate Livelihood of Tharu Tribe women परियोजना को विश्वविद्यालय में संचालित किये जाने विषयक प्रस्ताव पर विचार एवं निर्णय।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा द्वारा वित्त पोषित परियोजना को इस विश्वविद्यालय में संचालित किये जाने की सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी।

उर्पयुकत क्रम में प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से उक्त परियोजना को विश्वविद्यालय में संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0178:8

**पौध किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र सं0 F.No. PPV& FRA/REG/ Maize, Pulse & Veg./2016-17 दिनांक 04–08–2017 द्वारा स्वीकृत परियोजना To Collection Characterization, Evaluation Maintenance and Registratin of Minor Seed Spices grown in Farmer's Field परियोजना को विश्वविद्यालय की अग्रिम प्रबन्ध परिषद की बैठक में संचालन अनुमति प्रदान करने विषयक प्रस्ताव पर विचार एवं निर्णय ।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त पौध किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ,भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित परियोजना को इस विश्वविद्यालय में संचालित किये जाने की सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी।

उर्पयुकत क्रम में प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से उक्त परियोजना को विश्वविद्यालय में संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव सं0178:9

**विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों / वैज्ञानिकों को कैरियर एडवान्समेन्ट स्कीम के अन्तर्गत उच्च एकेडमिक ग्रेड वेतन (ए0 जी0 पी0) स्वीकृत किये जाने हेतु निर्धारित प्रारूप को लागू किये जाने हेतु प्रस्ताव पर विचार एवं निर्णय ।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों / वैज्ञानिकों को कैरियर एडवान्समेन्ट स्कीम के अन्तर्गत उच्च एकेडमिक ग्रेड वेतन (ए0 जी0 पी0) स्वीकृत किये जाने हेतु निर्धारित प्रारूप को विश्वविद्यालय में लागू किये जाने की सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी ।

उर्पयुकत क्रम में प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्टसम्मति से विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों / वैज्ञानिकों को कैरियर एडवान्समेन्ट स्कीम के अन्तर्गत उच्च एकेडमिक ग्रेड वेतन (ए0 जी0 पी0) स्वीकृत किये जाने हेतु निर्धारित प्रारूप को विश्वविद्यालय में लागू किये जाने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0178:10

**विश्वविद्यालय में सृजित निदेशक प्रसार एवं निदेशक कृषि प्रयोग केन्द्र के पद पर नियमित चयन हेतु ,शैक्षिक अर्हता निर्धारित करने के संबंध में प्रबन्ध परिषद की आगामी बैठक में विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत ।**

प्रस्ताव पर प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय में सृजित निदेशक प्रसार एवं निदेशक कृषि प्रयोग केन्द्र के पद पर नियमित चयन हेतु प्रस्तावित शैक्षिक अर्हता निर्धारित किये जाने के साथ पदों को विज्ञापित करने के उपरान्त नियमानुसार नियुक्ति किये जाने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0178:11 **कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय फैजाबाद के अन्तर्गत शासनादेश संख्या 167(रिट)/67 – कृशिअ –17–400(79) /86 दिनांक 24 अप्रैल 2017 द्वारा भूमि अध्याप्ति संबंधित आदेश को निरसित किये जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय ।**

प्रस्ताव पर प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय में शासनादेश संख्या 167(रिट)/67 – कृशिअ –17–400(79) /86 दिनांक 24 अप्रैल 2017 द्वारा भूमि अध्याप्ति संबंधित आदेश को अंगीकार किये जाने का निर्णय लिया गया

प्रस्ताव सं0178:12 **विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्मिकों को विश्वविद्यालय के अन्य कार्मिकों की भॉति सभी सेवा लाभ यथा वेतन भत्ते, ए0सी0पी0, वेतन पुनरीक्षण व अन्य सुबिधाये प्रदान करने हेतु प्रबन्ध परिषद के विचारार्थ एवं निर्णयार्थ ।**

वित्त उपसमिति द्वारा प्रस्ताव पर पर्याप्त विचार विमर्श करने के उपरान्त संस्तुति प्रदान की गयी कि प्रस्ताव के संबधं में पुनः आई0सी0ए0आर0 को पत्र भेजकर प्रस्ताव पर उनकी सहमति प्राप्त कर ली जाय तथा राज्य सरकार से संबंधित कार्मिकों के सेवानिवृत्तिक लाभ के संबंध में निर्देश प्राप्त किये जाए।

उर्पयुक्त के दृष्टिगत प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्मिकों को विश्वविद्यालय के अन्य कार्मिकों की भॉति वेतन भत्ते, ए0सी0पी0, वेतन पुनरीक्षण व अन्य सुबिधायें प्रदान की जाए। आई0सी0ए0आर0 से अतिशीघ्र संबंधित कार्मिकों को एन0पी0एस0, कैरियर एडवान्समेन्ट तथा सेवानिवृत्तिक लाभ प्रदान किये जाने के संबंध में निर्देश प्राप्त किये जाए तथा राज्य सरकार से भी संदर्भित कार्मिकों को सेवानिवृत्तिक लाभ प्रदान किये जाने के संबंध में निर्देश प्राप्त किये जाए ।

प्रस्ताव सं0178:13 **कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय फैजाबाद के अन्तर्गत जनपद आजमगढ में कृषि महाविद्यालय (कैम्पस ) के लिए शासन के पत्र संख्या 2/2015 /2136 /67 – कृशिअ –14–1500(124) /12 दिनांक 12 जनवरी 2015 द्वारा सृजित पदों को भरे जाने हेतु शैक्षिक अर्हता निर्धारण के संबंध में विचार एवं निर्णय ।**

प्रस्ताव पर प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय के अन्तर्गत जनपद आजमगढ में कृषि महाविद्यालय (कैम्पस ) के लिए शासन के पत्र संख्या 2/2015 /2136 /67 – कृशिअ –14–1500(124) /12 दिनांक 12 जनवरी 2015 द्वारा सृजित पदों के भरे जाने हेतु प्रस्तावित शैक्षिक अर्हता निर्धारित किये जाने के साथ पदो को विज्ञापित करने के उपरान्त नियमानुसार नियुक्ति किये जाने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0178:14 **भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के वित्त पोषण से जनपद अमेठी, ,बहराइच एवं गोण्डा में कृषि विज्ञान केन्द्र स्थापित करने विषयक प्रस्ताव पर विचार एवं निर्णय।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित जनपद अमेठी, , बहराइच एवं गोण्डा में कृषि विज्ञान केन्द्र स्थापित करने की संस्तुति प्रदान करते हुये प्रस्तावित किया गया कि पदो के सृजन हेतु राज्य सरकार को प्रस्ताव प्रेषित कर अनुमति प्राप्त कर ली जाए तथा एन0पी0एस0 के संबधं में भी आई0सी0ए0आर0 को पत्र प्रेषित करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ।

उर्पयुकत कम में प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के वित्त पोषण से जनपद अमेठी, , बहराइच एवं गोण्डा में कृषि विज्ञान केन्द्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0178:15 **डा0के0के0 वर्मा, सहायक प्राध्यापक (मृदा विज्ञान ) का अर्न्तराष्ट्रीय कान्फ्रेन्स काठमाण्डू, नेपाल में प्रतिभाग किये गये यात्रा कार्यकम के कार्योत्तर स्वीकृति विषयक प्रस्ताव पर विचार एवं निर्णय।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से डा0के0के0 वर्मा, सहायक प्राध्यापक (मृदा विज्ञान ) का अर्न्तराष्ट्रीय कान्फ्रेन्स काठमाण्डू, नेपाल में प्रतिभाग किये गये यात्रा कार्यकम के कार्योत्तर स्वीकृति एवं पंजीकरण शुल्क के भुगतान किये जाने जाने हेंतु कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया। वित्त उप समिति द्वारा प्रस्तावित किया गया कि डा0 वर्मा से अर्न्तराष्ट्रीय कान्फ्रेन्स में भाग लेने संबंधी समस्त प्रपत्र अवलोकित कर लिया जाय ।

उर्पयुकत कम में प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से डा0 के0 के0 वर्मा, सहायक प्राध्यापक (मृदा विज्ञान ) का अर्न्तराष्ट्रीय कान्फ्रेन्स काठमाण्डू, नेपाल में प्रतिभाग किये गये यात्रा कार्यकम के कार्योत्तर स्वीकृति एवं पंजीकरण शुल्क के भुगतान किये जाने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत करने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0178:16 **विश्वविद्यालय के अधीन संचालित अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजनाओं में कुछ पदों अथवा परियोजना के समाप्त हो जाने के फलस्वरूप ऐसे कार्मिकों का अन्य परियोजनाओं तथा विभागों में समायोजन समय से न हो पाने की स्थिति में लम्बित वेतन भुगतान के सम्बन्ध में विचार एव निर्णय ।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त प्रस्ताव प्रबन्ध परिषद के निर्णयार्थ प्रस्तुत किये जाने की संस्तुति की गयी ।

उर्पयुक्त के क्रम में प्रबन्ध परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि पूर्ण विवरण एवं औचित्य सहित प्रस्ताव मानवीय आधार पर पुर्नविचार हेतु वित्त उपसमिति के समक्ष पुनः प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0178:17

**विश्वविद्यालय के सूत्रकृमि विज्ञान विभाग में प्रबन्ध परिषद द्वारा सृजित रिक्त प्राध्यापक के एक पद को समर्पित करते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण के पदनाम से स्वीकृति प्रदान करने के सम्बन्ध में विचार एवं निर्णय ।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सूत्रकृमि विज्ञान विभाग में प्रबन्ध परिषद द्वारा सृजित रिक्त प्राध्यापक के एक पद को समर्पित करते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण के पदनाम से स्वीकृति प्रदान करने की संस्तुति प्रदान की गयी ।

उर्पयुकत कम में प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से सूत्रकृमि विज्ञान विभाग में प्रबन्ध परिषद द्वारा सृजित रिक्त प्राध्यापक के एक पद को समर्पित करते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण के पदनाम से स्वीकृति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0178:18

**विश्वविद्यालय के उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय में प्रबन्ध परिषद द्वारा सृजित रिक्त प्राध्यापक (पी0एच0टी0) के एक पद को समर्पित करते हुए अधिष्ठाता उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के पदनाम से स्वीकृति प्रदान करने के सम्बन्ध में विचार एवं निर्णय।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय के उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय में प्रबन्ध परिषद द्वारा सृजित रिक्त प्राध्यापक (पी0एच0टी0) के एक पद को समर्पित करते हुए अधिष्ठाता उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के पदनाम से स्वीकृति प्रदान करने की संस्तुति प्रदान की गयी ।

उर्पयुकत कम में प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय में प्रबन्ध परिषद द्वारा सृजित रिक्त प्राध्यापक (पी0एच0टी0) के एक पद को समर्पित करते हुए अधिष्ठाता उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के पदनाम से स्वीकृति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0178:19

**विश्वविद्यालय कर्मचारियों /अधिकारियों को आवासीय भवन आवंटित किये जाने संबंधी नियमों पर विचार एवं निर्णय।**

प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय कर्मचारियों /अधिकारियों को आवासीय भवन आवंटित किये जाने हेतु बिन्दु क एवं ख पर उल्लिखित प्रस्ताव विश्वविद्यालय में लागू किये जाने के साथ आवास आवंटन नियमावली 2014 विश्वविद्यालय में अंगीकार किये जाने का निर्णय लिया गया । प्रस्ताव में उल्लिखित बिन्दु क एवं ख में भविष्य में परिवर्तन की स्थिति में कुलपति महोदय को निर्णयार्थ अधिकृत किया गया ।

**प्रस्ताव सं0178:20** **विश्वविद्यालय में सृजित कुलसचिव, उप कुलसचिव एवं सहायक कुलसचिव के रिक्त पद पर नियमित चयन हेतु शैक्षिक अर्हता निर्धारित करने के सम्बन्ध में विचार एवं निर्णय ।**

प्रस्ताव पर प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय में सृजित कुलसचिव, उप कुलसचिव एवं सहायक कुलसचिव के रिक्त पद जर नियमित चयन हेतु शैक्षिक अर्हता निर्धारित किये जाने के साथ पद विज्ञापित करने के उपरान्त नियमानुसार नियुक्ति किये जाने का निर्णय लिया गया ।

**प्रस्ताव सं0178:21** **राज्य सरकार आयोजनेत्तर की मद में क्रमशः रिवाल्विंग फण्ड , बाह्य संस्थाओं एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से वित्त पोषित परियाजनाओं के आवर्तक मद से संस्थागत शुल्क (Institutional Charges) के रूप में 10 प्रतिशत की धनराशि विश्वविद्यालय प्राप्तियों मे समाहित किये जाने के संबधं में विचार एवं निर्णय।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से राज्य सरकार आयोजनेत्तर की मद में क्रमशः रिवाल्विंग फण्ड , बाह्य संस्थाओं एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से वित्त पोषित परियोजनाओं के आवर्तक मद से संस्थागत शुल्क (Institutional Charges) के रूप में 10 प्रतिशत की धनराशि विश्वविद्यालय प्राप्तियों मे समाहित किये जाने की संस्तुति प्रदान की गयी तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को पत्र प्रेषित कर उनकी सहमति प्राप्त कर ली जाय ।

उर्पयुकत क्रम में प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से राज्य सरकार आयोजनेत्तर की मद नें क्रमशः रिवाल्विंग फण्ड , बाह्य संस्थाओं एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से वित्त पोषित परियोजनाओं के आवर्तक मद से संस्थागत शुल्क (Institutional Charges) के रूप में 10 प्रतिशत की धनराशि विश्वविद्यालय प्राप्तियों मे समाहित किये जाने का निर्णय लिया गया तथा यह भी निर्णय लिया गया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिष्द को पत्र प्रेषित कर उनकी सहमति प्राप्त कर ली जाए ।

**प्रस्ताव सं0178:22** **विश्वविद्यालय के नेहरू पुस्तकालय में सृंजित पुस्तकालयाध्यक्ष के रिक्त पद पर नियमित चयन हेतु शैक्षिक अर्हता निर्धारित करने के सम्बन्ध में विचार एवं निर्णय ।**

प्रस्ताव पर प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय के नेहरू पुस्तकालय में सृंजित पुस्तकालयाध्यक्ष के रिक्त पद पर नियमित चयन हेतु शैक्षिक अर्हता निर्धारित किये जाने के साथ पद विज्ञापित करने के उपरान्त नियमानुसार नियुक्ति किये जाने का निर्णय लिया गया ।

**प्रस्ताव सं0178:23** **पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय मे शैक्षिक सम्वर्ग में स्वीकृत 29 पदों को भरे जाने हेतु शैक्षिक अर्हता निर्धारित किये जाने के सम्बन्ध में विचार एवं निर्णय ।**

प्रस्ताव पर प्रबन्ध परिषद द्वारा पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय मे शैक्षिक सम्वर्ग में स्वीकृत 29 पदों को भरे जाने हेतु शैक्षिक अर्हता निर्धारित किये जाने के साथ पदों को विज्ञापित करने के उपरान्त नियमानुसार नियुक्ति किये जाने का निर्णय लिया गया। श्री शिवजीत यादव ,माननीय सदस्य प्रबन्ध परिषद द्वारा परामर्श दिया गया कि पदों पर रिजरवेशन पालिसी लागू की जानी चाहिए।

उर्पयुक्त के संबध में प्रबन्ध परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि शासन की वर्तमान आरक्षण नियमावली के अनुसार विज्ञापन की कार्यवाही की जाय ।

अन्य निर्णयः–

1– डा0 सतीश चन्द्र द्विवेदी, माननीय सदस्य विधान सभा द्वारा विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस के मेन्टीनेन्स हेतु परामर्श दिया गया तथा Asstt.Professor , Assoc.Professor तथा Professor को हिन्दी में कमशः सहायक आचार्य, सह आचार्य एवं आचार्य के पदनाम से सम्बोधित किये जाने हेतु भी परामर्श दिया गया । कुलपति महोदय/अध्यक्ष प्रबन्ध परिषद द्वारा शैक्षणिक संकाय के पदनाम यू0जी0सी0/आई0सी0ए0आर0 के अनुसार किये जाने हेतु निर्णय लिया गया ।

2– माननीय कुलपति महोदय ने प्रबन्ध परिषद को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त सी0 ए0 जी0 की लम्बित अनुपालन आख्या तैयार कराकर लोक लेखा समिति की बैठक में प्रस्तुत की गयी तथा अद्यतन वांछित कार्यवाही सम्पन्न करायी जा रही है। वर्तमान में राज्य सरकार आयोजनेत्तर वेतन भत्तो की मद में लगभग 49.00 करोड की ऋणात्मक स्थिति है जिसकी प्रतिपूर्ति किया जाना आवश्यक है । विश्वविद्यालय में आडिटोरियम, एग्री बिजनेस मैनेजमेन्ट, नया गेस्ट हाउस आदि 4 भवन निर्मित है जिसका टेकओवर अभी तक नही किया जा सका है। विश्वविद्यालय में रिक्त पदों को भरे जाने का प्रयास किया जा रहा है तथा 05 परियोजनायें जो बन्द हो गयी थी उनमें कार्यरत वैज्ञानिकों/कार्मिकों का समायोजन कर दिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा एक्रिडेशन का कार्य कराया जाना है। कुल 580 वादों में से 250 वाद विगत तीन वर्षो में योजित हुये जिसमें से 89 अवमानना वाद है। उक्त के दृष्टिगत प्रबन्ध परिषद की सहमति की दशा में यथास्थिति से माननीय कुलाधिपति महोदय को अवगत कराया जाना श्रेयस्कर होगा।

प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों द्वारा माननीय कुलपति महोदय के उक्त प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त करते हुये आश्वस्त किया गया कि प्रबन्ध परिषद के समस्त सदस्य आपके प्रस्ताव से सहमत है। श्री छेदी सिंह , माननीय सदस्य द्वारा परामर्श दिया गया कि प्रबन्ध परिषद के दो माननीय विधान सभा सदस्यों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी से

समय लेकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाय तथा विश्वविद्यालय के आर्थिक संकट के निराकरण हेतु प्रयास किया जाए , अतएव जिस पर दोनो माननीय विधान सभा सदस्यों द्वारा अपनी सहमति व्यक्त की गयी।

बैठक की कार्यवाही अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई।

(लाल प्रताप सिंह)
वित्त नियंत्रक/सचिव
प्रबन्ध परिषद

(जीत सिंह सन्धू) 11/5/18
कुलपति/अध्यक्ष
प्रबन्ध परिषद

**नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्यौगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, फैजाबाद ।**

पत्रांक एन0डी0यू0ए0टी0/8/प्र0परि0–178वी बैठक/लेखा/2018/187 दिनांक 11 –5–2018

प्रतिलिपि –माननीय सदस्यों के अवलोकनार्थ प्रेषित ।

(लाल प्रताप सिंह) 11/5/18
वित्त नियंत्रक/सचिव
प्रबन्ध परिषद

नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज–फैजाबाद के प्रबन्ध परिषद की 179 वीं बैठक की कार्यवृत्त

बैठक की तिथि : 09–07–2018

स्थान : सभाकक्ष
उ0प्र0 कृषि अनुसंधान परिषद,
किसान मण्डी भवन, अष्टमतल,
गोमतीनगर , लखनऊ ।

समय : अपरान्ह 2.30बजे ।

उपस्थिति :

1– प्रो0 जीत सिंह सन्धू , कुलपति – अध्यक्ष

2– श्री ध्रुब कुमार त्रिपाठी , मान0सदस्य विधान परिषद – सदस्य

3– श्री बाबा गोरखनाथ , मान0सदस्य विधान सभा – सदस्य

4– डा0 सतीश चन्द्र द्विवेदी , मान0सदस्य विधान सभा – सदस्य

5– श्री राधेश्याम अनुसचिव ,प्रतिनिधि प्रमुख सचिव कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0शासन – सदस्य

6– श्री नीरज श्रीवास्तव अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन फैजाबाद मण्डल फैजाबाद नामित सदस्य प्रमुख सचिव वित्त विभाग उ0प्र0शासन । – सदस्य

7– डा0राम शव जैसवारा, अपर कृषि निदेशक प्रतिनिधि निदेशक कृषि उ0प्र0 – सदस्य

8– डा0 कमलेश सिंह ,संयुक्त निदेशक पशुपालन प्रतिनिधि, निदेशक पशुपालन उ0प्र0 – सदस्य

9–डा0ए0डी0पाठक, निदेशक .आई0आई0एस0आर0 ,प्रतिनिधि आई0सी0ए0आर0 – सदस्य

10– श्री छेदी सिंह , प्रगतिशील कृषक – सदस्य

11– श्री शिवजीत यादव पशु प्रजनक , – सदस्य

12– श्रीमती सुचिता तिवारी, प्राख्यात उद्योगपति – सदस्या

13– श्री लाल प्रताप सिंह , वित्त नियंत्रक – सचिव

बैठक के प्रारम्भ में माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया , तदुपरान्त बैठक में प्रस्तुत प्रस्तावों पर विस्तृत विचार विमर्श करते हुये निम्नवत निर्णय लिये गये :–

प्रस्ताव सं0 179:1 **प्रबन्ध परिषद की गत 178वीं बैठक दिनांक 04-05-2018 के कार्यवृत्त की पुष्टि ।**

प्रबन्ध परिषद की गत 178वीं बैठक दिनांक 04-05-2018 के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्वसम्मति से की गयी।

प्रस्ताव सं0179: 2 **प्रबन्ध परिषद की गत बैठकों में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना ।**

प्रबन्ध परिषद की गत बैठकों में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना बैठक में प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत की गयी जिससे प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्य अवगत हुए एवं कृत कार्यवाही पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त करते हुये कुछ बिन्दुओं पर निम्नवत निर्णय लिये गये :-

**प्रस्ताव सं0175:174: 7 रिट याचिका संख्या 1343( एस.बी0)/2007 व रिट याचिका संख्या 1117 ( एस. बी0 )/2007 में माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद ,खण्डपीठ लखनऊ द्वारा पारित आदेश दिनांक 11-09-2012 एवं प्रमुख सचिव,कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, के पत्र /शासनादेश स0 222 / 67-कृ.शि.अ.-16-30(45)/07दिनांक 19 अप्रैल , 2016 के अनुपालन में प्रबन्ध परिषद की बैठक संख्या 172:3 लिये गये निर्णय पर पुर्नविचार ।**

प्रशासनिक आदेश स0 एनडीयूएटी-07/स्था/लेखा/2018/814 दिनांक 03 जुलाई,2018 द्वारा संबंधित याचीगणो को दिनांक 13-3-1992 से यू0जी0सी0 वेतनमान दिये जाने संबंधी आदेश से प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्य अवगत हुये एवं सहमति व्यक्त की गयी ।

**प्रस्ताव सं0175:174: 9 मान0 उच्च न्यायालय ,इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ में योजित याचिका संख्या 1728( एस.बी0 )/ 1999 ,याचिका संख्या 1726( एस.बी0 )/ 1999 एवं याचिका संख्या 88( एस.बी0 )/ 2000 के आधार पर योजित अवमानना वाद सं0 1294(सी)/2016 तथा 1295(सी)/2016 में पारित आदेश दिनांक 03-11-2016 एवं विशेष सचिव ,कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन,लखनऊ के पत्र/शासनादेश स0 425/67-कृ.शि.अ. - 16-30(45)/07 दिनांक 07 अक्टूबर 2016 में दिये गये निर्देशानुसार याचीगण को वेतनमान रू0 2200-4000 (पुनरीक्षित वेतन बैण्ड रू0 15600 -39100 ए0जी0पी0 रू0 6000/-) प्रदान किये जाने पर विचार एवं निर्णय ।**

प्रबन्ध परिषद द्वारा प्रशासनिक आदेश स0 एनडीयूएटी-07/स्था/लेखा/2018/814 दिनांक 03 जुलाई,2018 के अवलोकनोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त याचिका से आच्छादित 07 याचीगणों को भी दिनांक 13-03-1992 से यू0जी0सी0 वेतनमान दिये जाने हेतु उक्त आदेश दिनांक 03 जुलाई 2018 के कम में पृथक रूप से प्रशासनिक आदेश निर्गत किया जाय ।

## प्रबन्ध परिषद की 179वीं बैठक में प्रस्तुत प्रस्ताव एवं निर्णय ।

प्रस्ताव सं0179: 3 **नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज फैजाबाद के वित्तीय वर्ष 2017-18 पुनरीक्षित एवं वर्ष 2018-19 अनुमानित आय व्ययक पर विचार एवं निर्णय ।**

वित्त उपसमिति द्वारा विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2017-18 पुनरीक्षित एवं वर्ष 2018-19 अनुमानित आय व्ययक पर सम्यक विचारोपरान्त वित्त उपसमिति द्वारा परिशिष्ट-क के अनुसार आय व्ययक के अनुमोदनार्थ सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी। वित्त उपसमिति द्वारा सुझाव दिया

गया कि विश्वविद्यालय का आय व्ययक भविष्य में शासन की भॉति रू0 लाख में तैयार किया जाय तथा राज्य सरकार आयोजनेत्तर एवं आयोजनागत मदों को समाप्त करते हुए **राज्य सरकार 'क'** एवं **राज्य सरकार 'ख'** लिखा जाय ।

उर्पयुक्त के दृष्टिगत प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से वित्त उपसमिति की संस्तुति के दृष्टिगत वित्तीय वर्ष 2017–18 पुनरीक्षित एवं वर्ष 2018–19 का अनुमानित आय व्ययक **परिशिष्ट–क** के अनुसार अनुमोदित किया गया ।

प्रस्ताव सं0179: 4 **विश्वविद्यालय कार्मिकों के भुगतान को पेरोल, साफटवेयर के माध्यम से कम्प्यूटराइज्ड कराये जाने के संबधं में विचार एवं निर्णय।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय कार्मिकों के भुगतान को पेरोल, साफटवेयर के माध्यम से कम्प्यूटराइज्ड कराये जाने की संस्तुति प्रदान की गयी ,साथ ही यह सुझाव दिया गया कि यू0पी0डेस्को लखनऊ को वांछित भुगतान एवं कार्यादेश वित्तीय नियमानुसार किया जाय।

उर्पयुक्त के दृष्टिगत प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय कार्मिकों के भुगतान को पेरोल, साफटवेयर के माध्यम से कम्प्यूटराइज्ड कराये जाने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0179: 5 **राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत परियोजना द्वारा शत प्रतिशत वित्त पोषित योजना ''Strengthening of Krishi Vigyan Kendra को इस विश्वविद्यालय में कार्यान्वित किये जाने पर विचार एव निर्णय।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत शत प्रतिशत वित्त पोषित परियोजना को इस विश्वविद्यालय में संचालित किये जाने की सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी ।

उर्पयुक्त के दृष्टिगत प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत शत प्रतिशत वित्त पोषित परियोजना को इस विश्वविद्यालय में संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0179: 6 **भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के वित्त पोषण से जनपद सुल्तानपुर में कृषि विज्ञान केन्द्र स्थापित करने विषयक प्रस्ताव पर विचार एवं निर्णय ।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के वित्त पोषण से जनपद सुल्तानपुर में कृषि विज्ञान केन्द्र स्थापित करने की संस्तुति प्रदान की गयी तथा यह सुझाव दिया गया कि पदो पर नियुक्ति के संबंध में शासन को पत्र प्रेषित किया जाय ।

उर्पयुक्त के दृष्टिगत प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के वित्त पोषण से जनपद सुल्तानपुर में कृषि विज्ञान केन्द्र स्थापित करने एवं सृजित पदों पर नियमित नियुक्ति किये जाने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0179: 7 राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत परियोजना द्वारा शत प्रतिशत वित्त पोषित योजना "**Strengthening of Veterinary Clinical Complex**" को इस विश्वविद्यालय में 1 वर्ष के लिए कार्यान्वित किये जाने पर विचार एव निर्णय ।

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत शत प्रतिशत वित्त पोषित परियोजना को इस विश्वविद्यालय में संचालित किये जाने की सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी ।

उर्पयुक्त के दृष्टिगत प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत शत प्रतिशत वित्त पोषित परियोजना को इस विश्वविद्यालय में संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव सं0179: 8 राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत परियोजना द्वारा शत प्रतिशत वित्त पोषित योजना "**Frozen semen Bank for Indigenous Livestock**" को इस विश्वविद्यालय में 2 वर्ष के लिए कार्यान्वित किये जाने पर विचार एव निर्णय ।

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत शत प्रतिशत वित्त पोषित परियोजना को इस विश्वविद्यालय में संचालित किये जाने की सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी ।

उर्पयुक्त के दृष्टिगत प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत शत प्रतिशत वित्त पोषित परियोजना को इस विश्वविद्यालय में संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0179: 9 कृषि निदेशालय ,उत्तर प्रदेश (राष्ट्रीय कृषि विकास योजना प्रकोष्ठ) कृषि भवन , लखनऊ के शासनादेश संख्या 1196/12–3–2016–100(5)/2011 दिनांक 22–9–2016 द्वारा वित्त पोषित परियोजना ^^ **Establishment of molecular lab for identification of physio- molecular traits in the way of submergence and drought tolerance rice varieties for rainfed lowland areas of eastern U.P.** "को वित्तीय वर्ष 2018–19 व परियोजना समाप्ति तक संचालित किये जाने पर विचार एवं निर्णय ।

प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से कृषि निदेशालय ,उत्तर प्रदेश (राष्ट्रीय कृषि विकास योजना प्रकोष्ठ) द्वारा स्वीकृत परियोजना को परियोजना की समाप्ति तक संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0179: 10

**विश्वविद्यालय में जियो रिलायंस द्वारा वाई –फाई सेवा स्थापित करने लिए लिए प्रबन्ध परिषद की आगामी बैठक में विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत ।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय में जियों रिलायंस द्वारा वाई–फाई सेवा स्थापित करने की संस्तुति प्रदान की गयी ।

उर्पयुक्त के दृष्टिगत प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय में जियों रिलायंस द्वारा वाई–फाई सेवा स्थापित करने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0179: 11

**विश्वविद्यालय के उद्यान एव वानिकी महाविद्यालय में प्रबन्ध परिषद द्वारा सृजित रिक्त पद पर प्राध्यापक/ सह प्राध्यापक /सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान करनें के सम्बन्ध में विचार एव निर्णय ।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के उद्यान एव वानिकी महाविद्यालय में प्रबन्ध परिषद द्वारा सृजित रिक्त पदों प्राध्यापक/ सह प्राध्यापक /सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति किये जाने की सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी । प्रमुख सचिव कृषि शिक्षा अनुसंधान विभाग के प्रतिनिधि द्वारा विश्वविद्यालय के रिक्त पदों को भरे जाने के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने की अपेक्षा की गयी ।

उर्पयुक्त के दृष्टिगत प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय के उद्यान एव वानिकी महाविद्यालय में प्रबन्ध परिषद द्वारा सृजित रिक्त पद प्राध्यापक/सह प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति किये जाने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0179: 12

**विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के पदों को भरे जाने एवं शैक्षिक अर्हता निर्धारित किये जाने के सम्बन्ध में विचार एवं निर्णय हेतु प्रस्ताव ।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के पदो को भरे जाने एवं शैक्षिक अर्हता निर्धारित किये जाने की सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी ।

उर्पयुक्त के दृष्टिगत प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के पदो को भरे जाने एवं शैक्षिक अर्हता निर्धारित किये जाने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0179: 13

**पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय में शैक्षिक सम्वर्ग में स्वीकृत 12 पदों को भरे जाने हेतु शैक्षिक अर्हता निर्धारित किए जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय ।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्याल्य के पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय में शैक्षिक सम्वर्ग में स्वीकृत पदो को भरे जाने एवं शैक्षिक अर्हता निर्धारित किये जाने की सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी ।

उर्पयुक्त के दृष्टिगत प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय में शैक्षिक सम्वर्ग में स्वीकृत 12 पदों को भरे जाने एवं शैक्षिक अर्हता निर्धारित किए जाने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0179: 14 **महिला सरकारी सेवकों को बाल्य देखभाल अवकाश;Child Care Leave) की अनुमन्यता हेतु प्रमुख सचिव ,वित्त (सामान्य ) अनुभाग–2 उत्तर प्रदेश शासन,लखनऊ द्वारा निर्गत कार्यालय ज्ञाप सं0 जी–2–2017/दस– 2008–216/79 दिनांक 8'–12–2008 एवं शासनादेश सं0 जी–2–176/दस–2011– 216/79 दिनांक 11–04–2011 विश्वविद्यालय में पूर्ण रूप से अंगीकार किये जाने पर विचार एव निर्णय ।**

प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से महिला सरकारी सेवको को बाल्य देखभाल अवकाश; Child Care Leave) की अनुमन्यता हेतु प्रमुख सचिव ,वित्त (सामान्य ) अनुभाग–2 उत्तर प्रदेश शासन,लखनऊ द्वारा निर्गत कार्यालय ज्ञाप सं0 जी–2–2017/दस– 2008–216/79 दिनांक 8'–12–2008 एवं शासनादेश सं0 जी–2–176/दस–2011–216/79 दिनांक 11–04–2011 विश्वविद्यालय में पूर्ण रूप से अंगीकार किये जाने का निर्णय इस प्रतिबन्ध के साथ लिया गया कि महिला सरकारी सेवकों द्वारा बाल्य देखभाल अवकाश एक वर्ष में – तीन बार तथा एक साथ –दो माह ही लिया जायेगा और एक वर्ष में अधिकतम चार माह का अवकाश ही मान्य होगा। । महिला कर्मचारी अपने अतिआवश्यक कार्य को दृष्टिगत रखते हुए अवकाश लेगी ताकि कार्यालय कार्य भी प्रभावित न हो ।

प्रस्ताव सं0179: 15 **विश्वविद्यालय में अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय , उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय, मात्स्यिकीय महाविद्यालय, गृह विज्ञान महाविद्यालय, कृषि अभिंत्रण एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय , पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के पदों को भरे जाने एवं शैक्षिक अर्हता निर्धारित किये जाने के सम्बन्ध में विचार एवं निर्णय हेतु प्रस्ताव।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय , उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय, मात्स्यिकीय महाविद्यालय, गृह विज्ञान महाविद्यालय, कृषि अभिंत्रण एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय , पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के पदों को भरे जाने एवं शैक्षिक अर्हता निर्धारित किये जाने की सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी ।

उर्पयुक्त के दृष्टिगत प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय , उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय, मात्स्यिकीय महाविद्यालय, गृह विज्ञान महाविद्यालय, कृषि अभिंत्रण एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय , पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के पदों को भरे जाने एवं शैक्षिक अर्हता निर्धारित किये जाने का निर्णय लिया गया । प्रमुख सचिव कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान के प्रतिनिधि द्वारा अपेक्षा की गयी कि अधिष्ठाता के पदों को भरे जाने हेतु शासन की अनुमति प्राप्त की जाए ।

प्रस्ताव सं0179: 16

**डा0 तेजेन्द्र कुमार ,सहायक प्राध्यापक ,फसल अनुसंधान केन्द्र धाघराघाट बहराइच को दिनांक 13–11–2017 से दिनांक 06–101–2018 तक उपार्जित अवकाश स्वीकृत किये जाने के संबंध में प्रबन्ध परिषद की बैठक में पुर्नविचार एवं निर्णय हेतु प्रस्ताव ।**

प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से डा0 तेजेन्द्र कुमार ,सहायक प्राध्यापक ,फसल अनुसंधान केन्द्र धाघराघाट बहराइच को दिनांक 13–11–2017 से दिनांक 06–101–2018 तक उपार्जित अवकाश स्वीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया तथा निर्देशित किया गया कि उन्हें यह चेतावनी दी जाए कि वे भविष्य में बिना पूर्व स्वीकृति के उपार्जित अवकाश का उपभोग न्ही करेगें ।

प्रस्ताव सं0179: 17

**कृषि महाविद्यालय परिसर आजमगढ में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार भूमि उपलब्ध कराने के संबंध में विचार एवं निर्णय ।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त कृषि महाविद्यालय आजमगढ हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार भूमि उपलब्ध कराये जाने की मॉग किये जाने हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने की सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी ।

उर्पयुक्त के दृष्टिगत प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से कृषि महाविद्यालय आजमगढ हेतु शासन को पत्र प्रेषित कर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार भूमि उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0179: 18

**विश्वविद्यालय कर्मियों के माह अगस्त 2011 से जुलाई 2012 के मध्य जी0पी0एफ0 कटौती की धनराशि कोषागार में जमा किये जाने के सम्बन्ध में प्रबन्ध परिषद की आगामी बैठक में विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत ।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय कर्मियों के माह अगस्त 2011 से जुलाई 2012 के मध्य जी0पी0एफ0 कटौती की धनराशि कोषागार में जमा करनें तथा जी0पी0एफ0 कटौती की धनराशि ब्याज सहित शासन से अतिरिक्त अनुदान के रूप में मॉग किये जाने की सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी ।

उर्पयुक्त के दृष्टिगत प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्नति से वित्त उपसमिति की संस्तुति पर सहमति व्यक्त करते हुए यह भी निर्णय लिया गया कि उक्त जी0पी0एफ0 की धनराशि की मॉग ब्याज सहित शासन से अतिरिक्त अनुदान के रूप में की जाए ।

प्रस्ताव सं0179: 19

**डा0 देश दीपक सिंह, एस0एम0एस0 (पशु विज्ञान ) कृषि विज्ञान केन्द्र मसोधा एवं डा0 सन्दीप सिंह कश्यप , एस0 एम0 एस0 (पशु विज्ञान ) कृषि विज्ञान केन्द्र सन्तकबीरनगर के अवरूद्व वेतन भुगतान के सम्बन्ध में प्रबन्ध परिषद की बैठक में विचार एवं निर्णय हेतु प्रस्ताव ।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त डा0 देश दीपक सिंह, एस0एम0एस0 (पशु विज्ञान ) कृषि विज्ञान केन्द्र मसोधा एवं डा0 सन्दीप सिंह कश्यप , एस0 एम0 एस0 (पशु विज्ञान ) कृषि

विज्ञान केन्द्र सन्तकबीरनगर के अवरूद्व वेतन भुगतान हेतु वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड –II to IV एवं अध्ययन अवकाश नियमों के दृष्टिगत वेतन भुगतान की सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी ।

उर्पयुक्त के दृष्टिगत प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से वित्त उपसमिति की संस्तुति पर सहमति व्यक्त करते हुए यह भी निर्णय लिया गया कि वित्तीय नियमों के अनुसार उक्त अवरूद्व वेतन के भुगतान हेतु कुलपति जी को अधिकृत किया गया ।

प्रस्ताव सं0179: 20

**विश्वविद्यालय के अधीन संचालित अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजनाओ में कुछ पदों अथवा परियोजना के समाप्त हो जाने के फलस्वरूप कार्मिकों का अन्य परियोजनाओ अथवा विभागों में समायोजन समय से न हो पाने की स्थिति में लम्बित वेतन भुगतान के सम्बन्ध में विचार एवं निर्णय ।**

वित्त उपसमिति द्वारा विश्वविद्यालय के अधीन संचालित अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजनाओ की समाप्ति एवं संचालित परियोजनाओ मे पदों के समाप्त हो जाने के फलस्वरूप कार्मिकों का अन्य परियोजनाओ अथवा विभागों में समायोजन समयान्तर्गत न हो पाने की स्थिति में संदर्भित अवधि के लम्बित वेतन भुगतान के सम्बन्ध में सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी कि उक्त भुगतान किये जाने हेतु शासन के वित्त विभाग को पत्र प्रेषित किया जाए।

उर्पयुक्त के कम में प्रबन्ध परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से वित्त उपसमिति की संस्तुति पर सहमति व्यक्त की गयी तथा यह भी निर्णय लिया गया कि यदि संबंधित अधिकारी /कर्मचारी द्वारा सदंर्भित अवधि में कार्य किया गया है तथा उपस्थिति प्रमाणित है तो उनके लम्बित वेतन का भुगतान किया जाय तथा उक्त आशय का प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर लिया जाए ।

प्रस्ताव सं0179: 21

**श्री उदय प्रताप सिंह, संगणक, निदेशालय निर्माण एवं संयत्र सम्बद्व फसल अनुसंधान केन्द्र मसोधा, फैजाबाद का बाहय सेवा (प्रतिनियुक्ति )पद परियोजना अधिकारी ,राज्य नगरीय विकास अभिकरण ,उत्तर प्रदेश की धरण धारण अवधि छः माह दिनांक 3–7–2017 को समाप्ति के उपरान्त योगदान न करने , अनधिकृत रूप से बाहय सेवा के पद पर बने रहने, प्रशासनिक निर्देशों की अवमानना , विश्वविद्यालय के धारित पद से त्यागपत्र न देने की विद्यमानता में सेवा समाप्ति किये जाने पर विचार एवं निर्णय ।**

प्रबन्ध परिषद द्वारा श्री उदय प्रताप सिंह, संगणक, निदेशालय निर्माण एवं संयत्र सम्बद्व फसल अनुसंधान केन्द्र मसोधा, फैजाबाद का बाह्य सेवा (प्रतिनियुक्ति )पद परियोजना अधिकारी ,राज्य नगरीय विकास अभिकरण ,उत्तर प्रदेश की धरण धारण के संबंध में सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्री उदय प्रताप सिंह , संगणक को 30 दिन का समय देते हुए अन्तिम नोटिस निर्गत की जाय तथा इसके उपरान्त भी यदि श्री सिंह द्वारा विश्वविद्यालय के धारित पद पर योगदान नही किया जाता है तो नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्रबन्ध परिषद द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के ऐसे शिक्षक/कर्मचारी जो छः माह से अधिक अवधि से प्रतिनियुक्ति

पर है उन्हें भी विश्वविद्यालय में धारित पद पर वापस किये जाने की कार्यवाही नियमानुसार सुनिश्चित की जाय तथा इसकी सूचना प्रबन्ध परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाए ।

प्रस्ताव सं0179: 22 **नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में मात्स्यिकी महाविद्यालय के अन्तर्गत सहायक प्राध्यापक(एक पद) एव सह प्राध्यापक (एक पद) के पदो को भरे जाने एवं शैक्षिक अर्हता निर्धारित किये जाने के सम्बन्ध में विचार एवं निर्णय हेतु प्रस्ताव ।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के मात्स्यिकी महाविद्यालय के पदो को भरे जाने एवं शैक्षिक अर्हता निर्धारित किये जाने की सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी ।

उर्पयुक्त के दृष्टिगत प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय के मात्स्यिकी महाविद्यालय के पदो को भरे जाने एवं शैक्षिक अर्हता निर्धारित किये जाने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0179: 23 **नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्यौगिक विश्वविद्यालय , कुमारगंज, फैजाबाद के अधीन संचालित महामाया कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्यौगिकी महाविद्यालय अम्बेडकरनगर में पंचम डीन कमेटी के अनुसंशा के आधार पर 20.00 हेक्टेयर भूमि की व्यवस्था के सम्बन्ध में विचार एवं निर्णय ।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के अधीन संचालित महामाया कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्यौगिकी महाविद्यालय अम्बेडकरनगर में पंचम डीन कमेटी के अनुसंशा के आधार पर निर्धारित मानक के अनुसार शांसन को पत्र प्रेषित कर भूमि उपलब्ध कराये जाने की मॉग किये जाने सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी ।

उर्पयुक्त के दृष्टिगत प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से महामाया कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्यौगिकी महाविद्यालय अम्बेडकरनगर में पंचम डीन कमेटी के अनुसंशा के आधार पर शासन को पत्र प्रेषित कर निर्धारित मानकों के अनुसार भूमि उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव सं0179: 24 **मा0 उच्च न्यायालय , नई दिल्ली के आदेश दिनांक 18–05–2018 के परिपालन में श्री भूपेन्द्र सिंह रावत, वरिष्ठ लिपिक समायोजित पद– अध्यापक शारीरिक शिक्षा,अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग को दिनांक 1–8–2016 से 1–6–2018 तक के वेतन भुगतान दिये जाने के परिप्रेक्ष्य में विचार एव निर्णय ।**

वित्त उपसमिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त मा0 उच्च न्यायालय ,नई दिल्ली के आदेश दिनांक 18–05–2018 के परिपालन में श्री भूपेन्द्र सिंह रावत, वरिष्ठ लिपिक समायोजित पद– अध्यापक शारीरिक शिक्षा,अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग का दिनांक 01–08–2016 से 01–06–2018 तक के वेतन भुगतान किये जाने की सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी

उर्पयुक्त के दृष्टिगत प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से मा0 उच्च न्यायालय , नई दिल्ली के आदेश दिनांक 18–05–2018 के परिपालन में श्री भूपेन्द्र सिंह रावत, वरिष्ठ लिपिक का संदर्भित अवधि के वेतन भुगतान किये जाने का निर्णय इस प्रतिबन्ध के साथ लिया गया कि भविष्य में इसका दृष्टान्त किसी अन्य प्रकरण पर लागू नही होगा ।

बैठक की कार्यवाही अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई।

(लाल प्रताप सिंह)
वित्त नियंत्रक/सचिव
प्रबन्ध परिषद

21/7/18
(जीत सिंह सन्धू)
कुलपति/अध्यक्ष
प्रबन्ध परिषद

**नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, फैजाबाद ।**
पत्रांक एन0डी0यू0ए0टी0/8/प्र0परि0–179वी बैठक/लेखा/2018/590 दिनांक 21–7–2018
प्रतिलिपि –माननीय सदस्यों के अवलोकनार्थ प्रेषित ।

(लाल प्रताप सिंह )
वित्त नियंत्रक/सचिव
प्रबन्ध परिषद

परिशिष्ट–क

# नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्यौगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज ,फैजाबाद

## आय–व्ययक पुनरीक्षित व्यय वर्ष वर्ष 2017–18 एवं अनुमान वर्ष 2018–19 (धनराशि हजार रू0 में)

| कमांक | मुख्य लेखाशीर्षक | पुनरीक्षित व्यय वर्ष 2017–18 | प्रस्तावित अनुमान वर्ष 2018–19 |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | राज्य सरकार आयोजनेत्तर योजनाएं | | |
| क | कृषि विश्वविद्यालय | 471664 | 637731 |
| ख | पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय | 92536 | 137018 |
| ग | महामाया कृषि अभियंत्रण एवं तकनीकी महाविद्यालय अम्बेडकरनगर, | 16612 | 23224 |
| घ | प्रसार योजनाओं का सुदृढीकरण(कृषि ज्ञान केन्द्रो हेतु) | 199 | 200 |
| छ | आडिट फीस | 5000 | 35407 |
| ज | नये प्रवेशकों पर नयी परिभाषित अंशदान पेंशन योजना | 0 | 35200 |
| झ | **विभिन्न महाविद्यालयो के प्रयोगशालाओं एवं छात्रावासो का अनुरक्षण/ सुदृढीकरण** | 0 | **45147** |
| | **योग (राज्य सरकार आयोजनेत्तर)** | **586011** | **913927** |
| 2 | **राज्य सरकार आयोजनागत योजनाएं** | | |
| क | भारतीय कृषि अनु0 परि0 के सहयोग से संचालित परियोजनाओ हेतु 75:25प्रतिशत परियोजनाओ हेतु 25 प्रतिशत राज्यांश | 28331 | 34130 |
| ख | विश्वविद्यालय में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्य | 74948 | 101510 |
| ग | रावे पर व्यय( 25 प्रतिशत) | 0 | 250 |
| घ | पशु चिकित्सा एव पशुपालन महाविद्यालय में वी0वी0एस0सी0एण्ड ए0एच0 पाठ्यकम के अन्तिम वर्ष के छात्रों हेतु इन्टर्नशिप कार्यकम हेतु राज्यांश | 0 | 250 |
| च | कृषि महाविद्यालय आजमगढ की स्थापना हेतु | 0 | 35357 |
| | राष्ट्रीय कृषि विकास योजना | 98 | 7000 |
| | **विश्वविद्यालय में सेन्टर आफ एक्सीलेन्स (धान पर अनुसंधान हेतु)** | 0 | **20000** |
| | योग (राज्य सरकार आयोजनागत) | **103377** | **198497** |
| 3 | **भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित योजनाएं** | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | शत प्रतिशत वित्त पोषित कृषि विज्ञान केन्द्रों हेतु | 202451 | 252456 |
| ख | शत प्रतिशत वित्त पोषित शोध योजनाओं हेतु | 9303 | 10000 |
| ग | केन्द्रीय सहायता एन0टी0एस0 | 0 | 1 |
| घ | रावे पर व्यय ( 75 प्रतिशत) | 0 | 750 |
| च | पुस्तकालय का सुदृढीकरण | 0 | 1 |
| छ | भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा 75:25 प्रतिशत के अन्तर्गत संचालित योजनाओं हेतु ( 75 प्रतिशत धनराशि) | 84994 | 102391 |
| ज | शिक्षकों के यू0जी0सी0एरियर के भुगतान हेतु | 538 | 2000 |
| | **योग** | **297286** | **367599** |
| 4 | अन्य संस्थाओं द्वारा वित्त पोषित योजनायें | 9320 | 67 |
| | योग | **9320** | **67** |
| 5 | चक्रीय निधि | 31985 | 78444 |
| | योग | **31985** | **78444** |
| | सम्पूर्ण योग (1 से 5 तक ) | **1027979** | **1558534** |

## बैठक की कार्यवृत्त

बैठक की तिथि : 08–08–2018

स्थान : सभाकक्ष
उ0प्र0 कृषि अनुसंधान परिषद,
किसान मण्डी भवन, अष्टमतल,
गोमतीनगर , लखनऊ ।

समय : पूर्वान्ह 11.30बजे ।

उपस्थिति :

1– प्रो0 जीत सिंह सन्धू , कुलपति – अध्यक्ष

2– श्री ध्रुब कुमार त्रिपाठी , मान0सदस्य विधान परिषद – सदस्य

3– श्री बाबा गोरखनाथ , मान0सदस्य विधान सभा – सदस्य

4– डा0 सतीश चन्द्र द्विवेदी , मान0सदस्य विधान सभा – सदस्य

5– श्री बी0राम शास्त्री , विशेष सचिव प्रतिनिधि कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0शासन – सदस्य

6– श्री मदन राजा मौर्या, संयुक्त निदेशक लखनऊ मण्डल नामित सदस्य प्रमुख सचिव वित्त विभाग उ0प्र0शासन । – सदस्य

7– डा0राजेश कुमार , सहायक निदेशक नियोजन प्रतिनिधि निदेशक कृषि उ0प्र0 – सदस्य

8– डा0 चरण सिंह यादव ,निदेशक पशुपालन उ0प्र0 – सदस्य

9–डा0 सुधीर कुमार शुक्ला , परियोजना समन्वयक ,भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान ,प्रतिनिधि निदेशक आई0आई0एस0आर0 – सदस्य

10– श्री छेदी सिंह , प्रगतिशील कृषक – सदस्य

11– श्री शिवजीत यादव पशु प्रजनक , – सदस्य

12– श्रीमती सुचिता तिवारी, प्राख्यात उद्योगपति – सदस्या

13– श्री लाल प्रताप सिंह , वित्त नियंत्रक – सचिव

बैठक के प्रारम्भ में माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया , तदुपरान्त बैठक में प्रस्तुत प्रस्तावों पर विस्तृत विचार विमर्श करते हुये निम्नवत निर्णय लिये गये :–

प्रस्ताव सं0180: 1 विश्वविद्यालय का 20वॉ दीक्षान्त समारोह माननीय कुलाधिपति जी की अनुमति से दिनांक 06–09–2018 को नियत है। उक्त दीक्षान्त समारोह में विश्वविद्यालय की गरिमा के अनुरूप शिक्षा, शोध ,प्रसार प्रबन्धन एवं नीति नियोजन के क्षेत्र में अति विशिष्ठ एवं अविस्मरणीय योगदान देने वाली किसी विशिष्ठ व्यक्ति को डाक्टर आफ साइन्स की मानद उपाधि प्रदान किये जाने पर विचार एवं निर्णय ।

